### एक नजर में

## नर्मदा समग्र द्वारा नदी संवाद एवं संगोष्ठी के साथ पौधारोपण कर मनाया नौवें पुण्य स्मरण दिवस



**कसरावद, निप्र।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नर्मदा समग्र के संस्थापक स्व अनिल माधव जी दवे के नौवें पुण्य स्मरण दिवस पर माकड़खेड़ा स्थित परिक्रमा कुटी पर नर्मदा समग्र द्वारा नदी संवाद एवं संगोष्ठी के साथ पौधारोपण कर मनाया। कार्यकम की शुरुआत मां नर्मदा एवं स्व अनिल माधव दवे के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया। नदी संवाद एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक मनोज जोशी ने कहा कि मां नर्मदा के संरक्षण एवं शुद्धिकरण के लिय स्व. अनिल माधव जी दवे ने ऐसी अलख जगाई कि वे एक बड़ा अभियान बन गई। नर्मदा समग्र की स्थापना कर उन्होंने घाट टोली, जिला टोली एवं संभाग टोली के माध्यम से घाटों की सफाई, हरियाली चुनरी के माध्यम से पौधारोपण सहित नर्मदा संरक्षण के अनेक कार्य शुरू किए। जो अनवरत आज भी जारी है। उनकी इच्छा अनुरूप उनके पुण्य स्मरण दिवस के अवसर को भी पौधारोपण एवं नर्मदा स्वच्छता के कार्य कर मनाया जाता है। कार्यकम का संचालन राजेश शर्मा ने एवं आभार संभाग टोली सदस्य सुधीर सराफ ने माना। कार्यकम में हरियाली चुनरी अभियान के तहत नौवें पुण्य स्मरण दिवस पर नौ पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मेहताब बाबा, संभाग सह समन्वयक राजेश जादम, अभिषेक भटोरे,प्रवीण यादव जितेन्द्र शर्मा, मनीष शुक्ला, अभिषेक अत्रे, अभिषेक शुक्ला, विवेक गावशिंदे, राहुल बारचे सहित बड़ी संख्या में नर्मदा समग्र के कार्यकता एवं मातृ शक्ति उपस्थित थी।

## गणगौर घाट बना विकास और स्वच्छता का नया प्रतीक, बदल रही बड़वाह की तस्वीर



**बड़वाह, निप्र।** नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सीएमओ कुलदीप किन्शुक एवं परिषद के नेतृत्व में बड़वाह नगर तेजी से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्षों से उपेक्षा और गंदगी का शिकार रहा गणगौर घाट आज स्वच्छता, सुंदरता और विकास का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। कभी जहां काला पानी, बदबू और कीचड़ के कारण लोग जाने से कतराते थे, आज वही घाट नगरवासियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। एक समय ऐसा था जब गणगौर घाट का नाम सुनते ही लोगों के मन में गंदे नाले जैसी तस्वीर उभर आती थी। श्रद्धालु केवल परंपरा निभाने के लिए यहां पहुंचते थे, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। साफ और निर्मल पानी, आकर्षक घाट, बेहतर सफाई व्यवस्था और सुंदर वातावरण ने इस स्थल को नई पहचान दी है। सुबह-शाम यहां लोगों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। बच्चे पानी में स्नान करते नजर आते हैं तो बुजुर्ग घाट की सीढ़ियों पर बैठकर सुकून के पल बिताते दिखाई देते हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार चलाए जा रहे सफाई अभियान, जल संरक्षण और सौंदर्यीकरण के कार्यों ने गणगौर घाट को नया जीवन दिया है। इस बदलाव में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं सीएमओ कुलदीप किन्शुक की सक्रिय भूमिका और सतत मॉनिटरिंग को भी नगरवासी सराह रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर उनकी मेहनत और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली के कारण विकास कार्यों को गति मिली है और व्यवस्थाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। नगरवासियों का कहना है कि अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में परिषद केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास अब जमीन पर साफ दिखाई दे रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था मजबूत हुई है, विकास कार्यों में तेजी आई है और धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि परिषद का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नगरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। वहीं सीएमओ कुलदीप किन्शुक ने कहा कि नगर के सभी प्रमुख धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी विकास कार्यों की यह गति जारी रहेगी। आज गणगौर घाट की बदली हुई तस्वीर इस बात का प्रमाण बन चुकी है कि मजबूत इच्छाशक्ति, बेहतर योजना, प्रशासनिक सक्रियता और जनहित की भावना से किसी भी स्थान की पहचान बदली जा सकती है। बड़वाह का गणगौर घाट अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि नगर के विकास और जागरूकता का प्रतीक बन चुका है।

## खरगोन में बेटियों के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, मध्यप्रदेश का पहला 'सपना सेंटर' खरगोन में

**खरगोन, निप्र।** जिले में बालिकाओं और युवतियों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। जिला प्रशासन खरगोन के सहयोग से मध्यप्रदेश का पहला 'सपना सेंटर' खरगोन में प्रारंभ किया जा रहा है। यह केंद्र गांवों की 12वीं या कॉलेज पास युवतियों को एक साथ आकर नए जमाने के कौशल सीखने, आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा। यह अभिनव पहल साझे सपने संस्था की 'काबिल-कमाऊ-कामयाब' मुहिम का हिस्सा है। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने इस मॉडल को समझते हुए इसे जिले की बेटियों के लिए एक नए और सशक्त अवसर के रूप में लागू करने की पहल की है। इस संस्था की विशेष बात यह है कि इसकी संस्थापक स्वयं खरगोन जिले की बेटी सुरभि यादव हैं। साईनाथ कॉलोनी, खरगोन में पली-बढ़ीं सुरभि यादव ने स्कूली शिक्षा के बाद IIT दिल्ली से अध्ययन किया और आगे अमेरिका से कॉलेज डिग्री प्राप्त की। बुंदेलखंड के कृषक परिवार से आने वाली सुरभि यादव अब अपनी संस्था 'साझे सपने' के माध्यम से गांव की बेटियों को भी वही अवसर देना चाहती हैं, जो उन्हें मिले। उनका मानना है कि जैसे स्वास्थ्य के लिए गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होते हैं, वैसे ही सपनों के लिए भी 'सपना सेंटर' होना चाहिए। जिले का पहला 'सपना



सेंटर' भगवानपुरा आईटीआई में प्रारंभ किया जा रहा है। यहां मई माह से 'प्रोजेक्ट मैनेजमेंट' कोर्स शुरू होगा, जिसमें डिजिटल स्किल्स, कंप्यूटर पर कार्य, हिंदी व अंग्रेजी में प्रभावी संवाद और लेखन जैसे आधुनिक कौशल सिखाए जाएंगे। यह कोर्स गांव की भाषा और जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया एक छोटा MBA मॉडल कहा जा सकता है इस कार्यक्रम के अंतर्गत 12 माह का प्रशिक्षण और उसके बाद 3 माह की इंटर्नशिप या ऑन-जॉब ट्रेनिंग कराई जाएगी। कोर्स पूर्ण होने पर 'साझे सपने' संस्था छात्राओं को रोजगार की पूरी तैयारी करवाकर नौकरियों से जोड़ेगी। इच्छुक युवतियां प्रशिक्षण के बाद स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का विकल्प भी चुन सकती हैं। 'सपना सेंटर' में सोमवार से शनिवार सुबह 09 से शाम 05 बजे तक दो महिला प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगी। 17 से 23 वर्ष की 12वीं पास इच्छुक युवतियां भगवानपुरा आईटीआई स्थित सपना सेंटर में किसी भी समय आवेदन कर सकती हैं तथा अपनी बहनों और सहेलियों को भी साथ ला सकती हैं।

# 2028 चुनाव में सभी 6 सीटें जितना होगा लक्ष्य : जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे

## भाजपा जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को पढ़ाया कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन का पाठ

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का पंडित दिनदयाल प्रषिक्षण महाअभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का सोमवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। राधा रिसोर्ट में आयोजित प्रषिक्षण वर्ग में प्रदेष के वरिष्ठ नेताओं, पदाधि कारियों ने अपेक्षित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्षन किया। 12 विभिन्न विषयों एवं एक उद्घाटन एवं एक समापन सत्र के चलते 14 सत्र में यह प्रषिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रषिक्षण में पार्टी के वरिष्ठ वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं और प्रशिक्षित कार्यकर्ता विचारधारा की रीढ़ होते हैं। जैसे मूल मंत्र दिए हैं। इस प्रषिक्षण में वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव 2018 में सभी 6 सीट जीतने का लक्ष्य देने के साथ ही उसे हासिल करने का मंत्र भी दिया। संगठन शक्ति और सामूहिक प्रयासों के साथ ही जनता के बीच प्रदेष एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाने उनका लाभ दिलाने में मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कार्य पद्धति विषय पर अपनी बात रखते हुए पदाधिकारियों, शीर्ष नेताओं को कार्यकर्ताओं से



अपनत्व का भाव रखने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने सीख देते हुए कहा कि पद मिलने पर नेता, पदाधिकारी अहंकार न करें। जनता और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव ही सफलता का माध्यम है। उन्होंने कहा भाजपा अद्भूत एवं श्रेष्ठ पार्टी, इसमें युवाओं, नए कार्यकर्ताओं को पिकअप नहीं पुटअप करते है। हाथ पकड़कर आगे बढ़ाते है। हम जानते हैं कि युवा पीढ़ी ही हमारी विरासत को आगे बढ़ायेगी। हमारी पार्टी और विपक्ष में यही अंतर है, कि हमारे कार्यकर्ता प्रषिक्षित है। सेवाभाव, अनुषासन जानते है। वर्ग प्रभारी मनोज लधवे ने स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात आैर आईटी विषय पर अपना मार्गदर्षन दिया। उन्होंने कहा कि हमें जनता के बीच जाकर एहसास कराना होगा कि पीएम आवास, आयुष्मान, लाडली बहना, उज्जवला योजना जैसी अनेकों योजनाएं भाजपा सरकार ने दी है। जनता को जागरुक करना ही हमारी जीत का आधार है। बूथ मैनेजमेंट पर जोर देते हुए कहा कि जब गृहमंत्री अमित शाह पन्ना प्रमुख हो सकते है, तो हम अपने बूथ का ध्यान क्यों नही रख सकते। खुद को बड़ा नेता या पदाधिकारी न मानें, हर जीत में हर कार्यकर्ता का उतना ही महत्व होता है, जितना पदाधिकारी। आईटी सेल जिला संयायेजक शुभम जायसवाल ने सोषल मीडिया, एआई विषय पर बेहद सारगर्भित उद्बोधन देकर सोषल मीडिया को किस तरह प्रचार- प्रसार एवं नैरेटिव का जवाब देने का माध्यम बनाया जा सकता है, इसकी जानकारी दी। डॉ. दिव्या गुप्ता ने चुनाव जीतना केवल रैली, पोस्टरों के माध्यम से प्रचार करना नही बल्कि जनता के बीच जाकर संवाद भी जरुरी



है। संवाद के माध्यम से पार्टी की रीति-निति, सरकार की योजनाओं से जोड़े, तभी संगठन का विस्तार होगा, बूथ मजबूत होगा।

**कार्यकर्ताओं को हनुमानजी के भांति, होना होगा गुणवानः-** वरिष्ठ नेता बाबूलाल रघुवंषी ने कार्यकर्ताओं में जोष और उत्साह का संचार किया। कार्यकर्ता विकास, संभाल और अपेक्षा विषय पर बात रखते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को हनुमानजी जैसा गुणवान होना चाहिए। संयम, शक्ति, धैर्य, साहस के बल पर श्री हनुमानजी को रामजी का उत्कृष्ट कार्यकर्ता कहा जाता है। जिस तरह हनुमानजी ने रामकाजी के लिए बिना थके, बिना रुके काम किया, उसी तरह पार्टी जीते या हारे, हमें समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटे रहना है। इन सत्रों के दौरान क्रमषः पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, नपाध्यक्ष छाया जोषी, माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष प्रकाष रत्नपारखी, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चैहान ने सत्र की अध्यक्षता की।

**2028 की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ताः-** समापन सत्र में जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि एक सतत संगठनात्मक प्रक्रिया है। कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना, संगठन की कार्यप्रणाली समझाना और जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और उसका कार्यकर्ता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। आगामी 2028 विधानसभा चुनाव को देखते हुए नए और पुराने कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरना होगा। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा वर्तमान में जो वातावरण है, वह पार्टी के अनुकूल है; इससे पहले कभी ऐसा वातावरण नही है। विपक्षी दल सत्ता में आने के लिए छटपटा रहे है। कभी पेट्रोल-डीजल की कथित कमी बताकर नैरेटिव सेट करते है तो कभी कोई और प्रोपेगेडा ले आते है। इसका जवाब देने के लिए कार्यकर्ताओं को संयम रखना होगा। कभी-कभी कार्यकर्ता खुद निराष होकर विपक्ष के स्वर में स्वर मिलाता है, जिससे पार्टी की छबि को नुकसान पहुंचता है। इसलिए कार्यकर्ता आत्मविष्वास बनाए रखें। समापन सत्र में सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक सचिन बिरला, जिला प्रभारी संगीता सोनी ने भी अपना मार्गदर्षन दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, महामंत्री विवेक भटोरे, महामंत्री हरेसिंह चावडा, आईटी सेल जिला संयोजक शुभम जायसवाल मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रकाष पाटीदार ने किया।

# सेवाभाव से दायित्व निभाने में ही है सच्चा आनंद

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय आनंद अल्पविराम कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री राजकुमार यादव ने कहा कि 'यदि हम अपने दायित्वों को सेवाभाव से और प्रसन्न मन से निभाते हैं, तो निश्चित रूप से जीवन में आनंद की अनुभूति होती है। आनंद बाहर नहीं, बल्कि हमारे मन के भीतर ही है।' उन्होंने अनावश्यक तनाव से दूर रहकर जीवन को सरल, संतुलित और आनंदमय ढंग से जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम श्री वीरेन्द्र कुमार कटारें तथा सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग श्रीमती कविता आर्य उपस्थित




रहीं। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के तत्वावधान में जिले के छात्रावास अधीक्षकों के लिए आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत प्रातः साढ़े दस बजे पंजीयन से हुई। प्रथम सत्र में जिला समन्वयक श्री के.बी. मंसारे ने 'आनंद की ओर' विषय पर सत्र लिया। प्रतिभागियों का परिचय मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से कराया गया, जिससे वातावरण सहज और ऊर्जावान बना। कार्यक्रम में आनंद संस्थान का परिचयात्मक वीडियो प्रदर्शित किया गया। साथ ही परिवार में बेहतर समन्वय, छोटी-छोटी बातों पर विवाद न करने जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए नाना पाटेकर की लघु फिल्म दिखाई गई, जिसे श्री रमेश चक्रवर्ती द्वारा प्रस्तुत किया गया। मास्टर ट्रेनर श्री पप्पू यादव ने जीवन में रिश्तों के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं मास्टर ट्रेनर श्रीमती पुष्पा अटुट ने जीवन का लेखा-जोखा विषय पर सत्र लिया। शांत समय एवं मौन के महत्व को भी सहभागियों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान आनंद क्लब की श्रीमती काजल यादव का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला, शील्ड एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

## जिला मुख्यालय पर जन जागरण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**खरगोन, निप्र।** जिला मुख्यालय पर श्रीयांश मेडीकल खरगोन में प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि दिनांक 17 मई 2026 रविवार को अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देवास की टीम के द्वारा विशाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 342 मरीज का पंजीयन किया गया। तथा 80 मरीजों को आईपीडी किया गया।

## मेडिकल ऑफिसर को सुनाई आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी व्यथा

**बड़वाह, निप्र।** आशा कार्यकर्ताओं को सरकार हर माह प्रोत्साहन राशि का वेतन देती है ग्रामीण इलाकों में गांवों की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की लगभग पूरी जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं की होती है इन्हीं महिलाओं की वजह से सुरक्षित प्रसव हो पा रहे हैं लेकिन सरकार इन्हीं महिलाओं के साथ गंभीरता से पेश नहीं आ रही है।आशा-उषा कार्यकर्ताओं की तनख्वाह बीते 3 महीने से नहीं आई परेशान आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ राजेंद्र मिमरोड को आशा ऊषा कार्यकर्ता महिला संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के आव्हान पर ब्लॉक एवं जिले की समस्त आशा उथा कार्यकर्ता का विगत 3 माह से भुगतान नहीं होने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। तीन माह का वेतन नहीं मिलने से परिवार का संचालन करने में आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ रहा है। आशा कार्यकर्ता अध्यक्ष रेखा सीनियर ने बताया कि कि उन्हें बीते 3 महीने से तनख्वाह नहीं मिली है जब भी वे अधिकारी के पास जाती हैं तो पैसा देने वाला अधिकारी बजट का रोना रोते हैं। उनका कहना होता है कि अभी बजट सेक्शन नहीं हुआ है



इसलिए उन्हें तनख्वाह नहीं मिल पाएगी। आशा कार्यकर्ता राजलक्ष्मी उर्मिला संध्या बसंती संगीता प्रमिला छमा सुनिता उमा मीरा अनिता जयश्री मीना ग्यारसी उर्मिला वर्मा ने बताया कि विगत 3 माह से आशा ऊषा कार्यकर्ताओं का भुगतान नहीं होने के कारण आशा कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। हम अपना परिवार का संचालन करने में आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ रहा है। अपने परिवार में खाना भी नहीं मिल पा रहा है और बहुत बड़ी पीड़ा है। जिसमें ये परिवार की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ता के ही कंधों पर है। क्योंकि विभाग और परिवार वाले के साथ सारे परिवार की जिम्मेदारी है जो कि अपनी आशा परिवार समाज में पूरा आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है। इसी के संबंध में जिला मुख्यालय पर 20 तारीख को समस्त जिले की आशा ऊषा बहनों कलेक्टर महोदय के नाम पर ज्ञापन सौंपेगे। जब तक पूर्ण भुगतान नहीं होगा तब तक 20 तारीख से अनिश्चितकालीन धरना एवं काम बंद पूर्ण भुगतान नहीं होगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यदि एक निश्चित समय सीमा के भीतर उनका भुगतान नहीं किया गया, तो वे समस्त सरकारी कार्यों का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिना वेतन के ड्यूटी जारी रखना अब उनके लिए संभव नहीं है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# फ़िल्म 'प्रेम संहिता' के लिए सेट बनकर तैयार बुधवार से शुरू होंगी शूटिंग

**मंडलेश्वर, निप्र।** बालकों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों कों रोकने के लिए बना कानून जिसे पोक्सो एक्ट के नाम से जाना जाता हैं। इस एक्ट की कठोरता के चलते कई प्रेमी जेल की सलाखों के पीछे सजा भुगत रहे हैं। इस एक्ट के प्रति लोगो कों जागरूक करना बहुत जरुरी हैं क्योंकि अधिकांश युवाओ कों इसके बारे में पता ही नहीं हैं और वे प्रेम जाल में फसकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। इस कानून के तहत 18 वर्ष के बालक और बालिकाओं दोनों कों संरक्षण दिया गया हैं। यदि किसी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की से कोई युवक प्रेम संबंध बनाता हैं और लड़की की मर्जी से भागकर दोनों शादी कर लेते हैं और ऐसे में अगर लड़की के परिजन गुमशुदा होने की रिपोट भी दर्ज कराते हैं तो भी लड़का लड़की कों थाने लाने के बाद लड़के पर पोक्सो एक्ट के तहत ही मामला दर्ज होता हैं। इस एक्ट पर ही मंडलेश्वर के युवा अधिवक्ता कार्तिक जोशी एक फ़िल्म बना रहे हैं जिसका नाम होगा प्रेम संहिता इस फ़िल्म के लिए मंडलेश्वर के एक निजी कॉलेज




भवन में कोर्ट और जेल का सेट तैयार किया गया हैं जहाँ आगामी बुधवार से फ़िल्म की शूटिंग शुरू होने जा रही हैं। इस फ़िल्म का औपचारिक शुभारम्भ आज मंडलेश्वर के चोली रोड स्थित एक निजी महाविद्यालय में हुआ जहाँ फ़िल्म के लिए सेट लगाया गया हैं। इस शुभारम्भ समारोह में मंडलेश्वर नगर के प्रथम नागरिक विश्वदीप मोयदे, मंडलेश्वर टी आई पंकज तिवारी महेश्वर टी आई जगदीश गोयल, मंडलेश्वर सब जेल की जेलर श्वेता मीणा और फ़िल्म के डायरेक्ट एडवोकेट कार्तिक जोशी शामिल रहे। अतिथियों ने फीता काटकर फ़िल्म निर्माण का शुभारम्भ किया। फ़िल्म निदेशक कार्तिक जोशी ने बताया की पोक्सो कानून के तहत देश भर की जेलों में लगभग डेढ़ लाख युवा कैद हैं ऐसे भी कई युवा नाबालिक लड़कियों से प्रेम संबंधो के बाद भागकर शादी की और पकड़े जाने के बाद जेल में बंद हैं और जेल के बाहर उनकी पत्नि माँ बन चुकी हैं और वो बाप। ऐसे युवाओं के जेल जाने से कई जिंदगीया ख़राब हो रही हैं मेरा उद्देश्य कानून का विरोध करना नहीं हैं सिर्फ युवाओ कों जागरूक करना है।

**एक नजर में** | **भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग दूसरा दिन**

# योग, प्राणायाम और गो सेवा के साथ की दिन की शुरुआत

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन की शुरुआत सामूहिक योग, व्यायाम और गोसेवा के साथ कि गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए सुबह 6.30 बजे योग और व्यायाम के विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसमें योग शिक्षकों ने योग क्रियाएं कराई जिसका कार्यकर्ताओ ने अनुसरण किया। हैं। इन सत्रों में नेताओं का



मुख्य उद्देश्य शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक और अनुशासित जीवन का संदेश देना है। योग के बाद प्रेमनगर स्थित गौशाला मे गायों को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। वर्ग प्रभारी मनोज लधवे ने बताया प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, सजग



और अनुशासित रखना है, ताकि वे पार्टी और जनता की सेवा अधिक ऊर्जा के साथ कर सके। योग सत्र में सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे सहित 200 से अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। राधा रिसोर्ट में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण स्थल पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमे विधायक बालकृष्ण पाटीदार, वर्ग प्रभारी मनोज लधवे सहित अन्य भाजपा नेताओं का शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच की गई। चिकित्सक के संयोजक डॉ, केआर शर्मा एवं चिकित्सक हितेश मुजाल्दे ने बताया वरिष्ठ के साथ युवाओं का ब्लड प्रेशर एवं सुगर सामान्य रहा।